March 2013

# 3003

Reg. No. : ...............................

Name : ...................................

(For Scheme I and Scheme II Candidates)

## Second Year Higher Secondary Examination

Part – II

**HINDI**

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool off time : 15 Minutes

***General Instructions to Candidates :***

- There is a 'cool off time' of 15 minutes in addition to the writing time of 2½ hrs.
- You are not allowed to write your answers nor to discuss anything with others during the 'cool off time'.
- Read questions carefully before answering.
- All questions are compulsory and only internal choice is allowed.
- When you select a question, all the sub-questions must be answered from the same question itself.
- Electronic devices except non programmable calculators are not allowed in the Examination Hall.

**सूचना** : यह कवितांश पढ़े और **1** से **4** तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

मत काटो मुझे
मत छाँटो मुझे !
मेरी हरीतिमा के विध्वंस से
रचना चाहते हो
अपने आराम के साधन
और चाहते हो

तृप्त करना, अपनी मानसिक क्षुधा को
बनाकर मेरा प्रसाधन ।
(एक पेड़ का निवेदन - शिवनारायण)

(छाँटना - अलग करना, हरीतिमा - हरियाली, विध्वंस - नाश, क्षुधा - भूख, प्रसाधन - सजावट)

1. 'मत काटो मुझे' - यह किसका निवेदन है ? (1)

2. हरीतिमा के विध्वंस से मनुष्य क्या रचता है ?
(आराम के साधन, यात्रा के साधन, नाश के साधन, पढ़ने के साधन) (1)

3. किन किन कारणों से पेड़ मनुष्य को दोषी बताता है ? (3)

4. 'चिट्ठियाँ ' कविता के मूल भाव से इस कवितांश की तुलना करके आस्वादन टिप्पणी लिखें। (7)

**सूचना** : अंग्रेजी का खंड पढ़े तथा **5** से **6** तक के उत्तर लिखें।

Pandit Nehru was born on November 14, 1889. Nehru received his education in England. Then he returned India and met Mahatma Gandhi. He joined India's fight for freedom. He was in jail for several times. Nehru became the first Prime Minister of free India. He loved children. Children also lovingly called him Chacha Nehru.

5. स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री कौन थे ? (1)

6. खंड के आधार पर नेहरूजी का आत्मकथांश तैयार करें। (8)

**अथवा**

उपर्युक्त खंड का हिंदी में अनुवाद करें।

7 अंग्रेजी शब्दों के स्थान पर हिंदी शब्द चुनकर बातचीत का पुनर्लेखन करें। (8)

: आप किस पद पर काम कर रहे हैं ?

: Under Secretary के।

: किस Department में ?

: Tourism में।

: आपके साथी किन किन पदों पर है ?

: एक Translator है, दूसरा Typist है और तीसरा Temporary पद पर है।

: क्या आपको मद्रास के लिए Reservation मिल गया ?

: नहीं; अभी Waiting List में है ।

(विभाग, प्रतीक्षा सूची, अवर सचिव, अनुवादक, अस्थाई, पर्यटन, आरक्षण, टंकक)

**सूचना** : निम्नांकित गद्यांश पढ़ें और **8** से **12** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

शाम का समय था। एक छोटा बालक अपने साथियों के साथ स्कूल से लौट रहा था । रास्ते में एक आम का बाग था। बडे लड़कों ने बाग में घुसकर आम का फल तोडने का निश्चय किया। सब अंदर घुसे। साथियों ने छोटे बालक को एक आम के पेड़ पर चढ़ाया। बालक आम तोड़ने लगा। इसी बीच चिल्लाते हुए माली आने लगा। सब लड़के भागे। छोटा बालक भाग न सका। माली ने छोटे बालक को पकड़ लिया। माली ने बच्चे को उसके पिताजी के पास ले जाना चाहा। परंतु पूछने पर माली को पता चला कि उसके पिता की मृत्यु हो गई है। माली को बालक पर दया आई। उसने बालक को कभी चोरी न करने का उपदेश दिया। माली ने यह भी बताया कि साथियों को बडी सावधानी से चुनना है।

8. माली को देखकर बाकी लड़कों ने क्या किया ? **(1)**

9. बाग किस फल से भरा था ? **(1)**
   (अंगूर, आम, सेब, कटहल)

10. घटना के आधार पर माली की चरित्रगत विशेषताएँ लिखें। **(3)**

11. ऊपर की पूरी घटना को बातचीत के रूप में बदलकर लिखें। **(8)**

12. गद्यांश का एक-तिहाई में संक्षेपण करें। **(6)**

**सूचना** : **13** से **17** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लिखें। **(4×8=32)**

13. पहली बार लेखिका के घर में चीनी भाई आया तो उसे विवश होकर मेज़पोश खरीदना पड़ा । उस दिन की घटना को लेखिका की डायरी के रूप में लिखें।

14. मनोहर ने एक सपना देखा।

    सपने में वह एक फैक्टरी का मैनेजर है।

    उसकी फैक्टरी में एक विशेष प्रकार का तेल बनाता है।

वह तेल लगाने पर बाल छड़ते नहीं।

बाल में कालिमा बनी रहती है।

बाल चिकना हो जाता है।

तेल की बिक्री बढ़ाने के लिए मनोहर एक विज्ञापन लिख रहा है।

तभी ... मनोहर का सपना टूट गया।

- मनोहर के सपने के तेल का वह विज्ञापन तैयार करें।

15. महाविद्यालय के छात्र-प्रवेश में हल्ला मचने का कारण 'प्रतिष्ठा का प्रश्न' था।

मान लें, उसका समाचार अगले दिन के अखबार में आया। पठित पाठ के आधार पर वह समाचार तैयार करें।

16 संकेतों की सहायता से 'महँगाई' विषय पर आलेख तैयार करें।

- प्रस्तावना
- महँगाई के कारण
  - हडतालें
  - कम उत्पादन
  - वितरण की अनुचित व्यवस्था
  - व्यापारी वर्ग का स्वार्थ
- महँगाई के दुष्परिणाम
- महँगाई से बचने का उपाय
- उपसंहार

17. गोकुल को रास्ते से बटुआ पड़ा मिला। उसने बटुआ महतो को लौटा दिया। महतो ने प्रसन्न होकर गोकुल को दो रुपया देना चाहा। परंतु गोकुल ने मना किया।

- इस घटना को महतो पत्र के रूप में मित्र को लिखता है। 'कोटर और कुटीर' कहानी के आधार पर वह पत्र तैयार करें।